पंजाब केसरी 02/09/2023

पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान का आयोजन, विद्यार्थियों को तंबाकू से बचने का पढ़ाया पाठ

स्कूल में बच्चों को जागरूक करती मुख्यवक्ता व कॉलेज में विद्यार्थियों को दिखाई जा रही मूवी।

अम्बाला, 1 सितम्बर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कॉलेज के एस.डी.जी. क्लब (सतत विकास लक्ष्य) ने अंग्रेजी विभाग के सहयोग से कार्यवाहक प्राचार्या डा. रचना खन्ना के मार्ग निर्देशन में 1 सितम्बर को जी.एम.एन. पब्लिक स्कूल में पर्यावरण की रक्षा में नागरिकों की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया।

इसका आयोजन सतत विकास लक्ष्य-2023 के तहत खुले वातावरण में एक आऊटडोर कक्षा बनाने के लिए किया गया। व्याख्यान एस.डी.जी. की सदस्या डा. अंशु चौधरी द्वारा दिया गया।

इसके साथ ही बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र उद्धव ने विद्यार्थियों को पर्यावरण प्रति सचेत किया। व्याख्यान का उद्देश्य पर्यावरण संबंधी मुद्दों से संबंधित छात्रों और समाज के बीच जागरूकता पैदा करना था। जी.एम.एन. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान युवा छात्रों ने अपने अनुभव और विचार सांझे किए और व्याख्यान को अधिक जीवंत बना दिया।

अंत में कार्यक्रम संयोजिका डा. अंशु चौधरी ने स्कूल प्रिंसीपल रितु घई एवं स्कूल की शिक्षिका अखिल को कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया।

उधर, कॉलेज के तम्बाकू सैल एवं एन.एस.एस. यूनिट द्वारा शॉर्ट मूवी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले नुक्सान के बारे में बताया गया। कार्यवाहक प्राचार्या रचना खन्ना ने बताया कि हमारी युवा पीढ़ी को नशे से बचना चाहिए, क्योंकि नशा व्यक्ति के मन-मस्तिष्क पर आघात करता है।